जागरूकता | समता कॉलेज में पुलिस अधिकारियों द्वारा दी जानकारी

अपराधियों से सुरक्षित रहने छात्र-छात्राओं को किया जागरूक

नव भारत न्यूज

पांढुरना,6 मार्च, महिलाओं एवं बालिकाओं से संबंधित अपराधों की रोकथाम के लिए प्रदेश के अन्य जिलो की तरह ही पांढुरना जिले मे भी चलाए जा रहे अभिमन्यु सृजन एवं सम्मान जागरूकता अभियान के तहत जिले में निरंतर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक सुन्दर सिंह कनेश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीरज सोनी के निर्देशन में प्रतिदिन सृजन सम्मान अभियान आयोजित किया जा रहा है।

इसी तारतम्य में आज 6 मार्च को नगर के समता महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों को अभिमन्यु सृजन एवं सम्मान विशेष अभियान के अंतर्गत जागरूक किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं के विरुद्ध हो रहे अपराधों तथा घरेलू हिंसा की रोकथाम कर उन्हें सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना है। इस दौरान महिला संबंधी अपराधों की रोकथाम, साइबर अपराधों से बचाव तथा यातायात नियमों के संबंध में विद्यार्थियों को विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को मुस्कान विशेष अभियान, साइबर अपराध से बचाव, नशे के दुष्परिणाम, डायल-112, गुड टच एवं बैड टच, बाल विवाह उन्मूलन, पॉक्सो एक्ट, संविधान एवं कानून तथा ट्रैफिक नियमों के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया गया। साथ ही महिला सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

इस दौरान पुलिस अधिकारियों द्वारा साइबर माध्यम से होने वाले साइबर फ्रॉड के संबंध में भी विद्यार्थियों को जागरूक किया गया तथा बताया गया कि अनजानी लिंक पर क्लिक करने और अनजान व्यक्ति से ओटीपी साझा करने से साइबर धोखाधड़ी हो सकती है। विद्यार्थियों को नशा मुक्ति के संबंध में भी जागरूक किया गया तथा छात्रों को महिलाओं का सम्मान करने, उनके अधिकारों एवं कानूनों की जानकारी के साथ करियर संबंधी मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया। कार्यक्रम में शासन द्वारा बालिकाओं एवं महिलाओं के लिए संचालित विभिन्न लाभकारी योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी गई। साथ ही महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, आकस्मिक हेल्पलाइन नंबर 112, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 एवं साइबर फ्रॉड हेल्पलाइन नंबर 1930 के बारे में अवगत कराया गया तथा महिला सुरक्षा और सम्मान के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

इस जनजागरूकता कार्यक्रम में महिला प्रकोष्ठ प्रभारी निरीक्षक संध्यारानी सक्सेना, आरक्षक अखिलेश हिंग्वे (सायबर सेल), पुलिस स्टाफ, शिक्षकगण तथा लगभग 100 से 150 छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को समाज में महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया गया।

आईटीआई के छात्रों ने भोपाल के संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल पार्क का किया शैक्षणिक भ्रमण

अत्याधुनिक प्रशिक्षण सुविधाओं एवं रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों की प्राप्त की जानकारी

नवभारत न्यूज,

पांढुरना,6 मार्च, नगर के शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) के प्राचार्य ज्ञानदेव तलमले द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार संस्था के प्रशिक्षणार्थियों ने भोपाल स्थित संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल पार्क का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकी प्रशिक्षण व्यवस्थाओं, अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं तथा रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों से अवगत कराना था। भ्रमण के दौरान प्रशिक्षणार्थियों ने संस्थान में उपलब्ध अत्याधुनिक प्रशिक्षण सुविधाओं, आधुनिक प्रयोगशालाओं, उन्नत तकनीकी उपकरणों तथा विभिन्न आधुनिक तकनीकी पाठ्यक्रमों का अवलोकन किया। इस अवसर पर संस्थान के अधिकारियों द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को ग्लोबल स्किल पार्क में संचालित विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी भी प्रदान की गई।प्रशिक्षणार्थियों को बताया गया कि संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल पार्क मध्यप्रदेश शासन एवं सिंगापुर के सहयोग से संचालित एक आधुनिक कौशल प्रशिक्षण संस्थान है। यहां आईटीआई उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को एडवांस कंप्यूटर ट्रेड सहित विभिन्न उच्च स्तरीय तकनीकी पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। संस्थान में विद्यार्थियों को उद्योगों की आवश्यकता के अनुरूप आधुनिक तकनीक एवं कौशल आधारित प्रशिक्षण दिया जाता है.

ओबीसी जाति आधारित जनगणना की मांग को लेकर सौपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

सौसरं 6 मार्च- भारत मुक्ति मोर्चा एवं राष्ट्रीय पिछडा वर्ग मोर्चा के पदाधिकारियों ने महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौपकर ओबीसी की जाति आधारित जनगणना कराये जाने की मांग उठाई। ज्ञापन में कहा है कि, केन्द्र सरकार द्वारा ओबीसी वर्ग की जाति आधारित जनगणना नही करा रही है, जिससे पिछडा वर्ग के अधिकारों और वास्तविक स्थिति का सही आकलन नही हो पा रहा है। यूजीसी के कानून के माध्यम से इस प्रक्रिया को रोका जा रहा हैं संगठन पदाधिकारियों ने उनकी मांगों को पूरा नही किया गया तो चरणबद्ध आंदोलन चलाने की चेतावनी दी है। अवसर पर विजय घाटोड, सैफ अली, वासुदेव वाडकर, प्रकाश सहारे, प्रकाश सरोदे, प्रदीप सोमकुवर, महेश बैस, अरूण बागडे, महादेव गोडबोले आदि उपस्थित थे।

राष्ट्रीय अबेकस प्रतियोगिता में सौसर को मिला बेस्ट अवार्ड

नवभारत न्यूज

सौंसर 6 मार्च- महाराष्ट्र के पुणे में आयोजित राष्ट्रीय अबेकस प्रतियोगिता में सौसर के माऊली प्रोएक्टिव अबेकस सेंटर के बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुये मध्यप्रदेश का नाम रोशन किया। राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतियोगिता में देश के कोने-कोने से बच्चें शामिल हुये थे। प्रतियोगिता में सौसर से कुल 16 बच्चें राजवीर सिसोदिया, हर्षल बेंडे, हार्दिक बंसोड, श्रृष्टि देव, आश्रयी खंडाईत, दीपशिखा पाल, समर्थ सेलूकर ने शानदार प्रदर्शन करते हुये ट्रांफिया जीतकर क्षेत्र को गौरवान्वित किया। राजवीर सिसोदिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जिसे पुरस्कार बतौर सायकल भेट की गई। वही बेस्ट परफार्मर में उत्कृष्ट सिह, वेदिका ठाकरे, रिआंषी गाडगे, पूर्व खंडाईत, प्रियांषू बेंडे, कृष्णल वाडेकर, जयश ब्रम्हे, अनुष्का धकाते, भव्य गजभिये को ट्राफी व प्रमाण पत्र भेट किये गये। संस्थान संचालितका मृणाली दर्शन झाडे ने बच्चों को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुये कहा कि, छोटे शहर के बच्चें भी सही मार्गदर्शन और मेहनत के बल पर राष्ट्रीय स्तर पर सफलता प्राप्त कर सकते है। भविष्य में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी भाग लेकर बच्चों की प्रतिभा निखारने का प्रयास करेंगे।

रोजा इफ्तार कर मांगी अमन चैन की दुआ

नवभारत न्यूज,

बड़चिचोली,6 मार्च, मुस्लिम समाज के पवित्र,इबादत के इस पाक रमजान माह में पूरी दुनिया की तरह ही पांढुरना जिले के बड़चिचोली क्षेत्र के मुस्लिम अनुयायियों द्वारा पूरी शिद्दत के साथ इस माह में रोजे रखकर तरावीह की विशेष नमाज अता कर खुदा की इबादत में मशगूल दिखाई दे रहे है। ग्राम के पूर्व जनपद सदस्य,जिला प्रेस क्लब एसोसिएशन के समन्वयक वरिष्ठ कांग्रेस नेता,किसान कांग्रेस के प्रवक्ता शेख नूर मोहम्मद भाई की और से बीते दिवस ग्राम के सुन्नी मस्जिद में रोजा इफ्तार पाटी का आयोजन ग्राम के सभी मुस्लिम रोजा रखने वाले भाईयों का रोजा खोला गया। इस अवसर पर मस्जिद के इमाम हाफिज कैसर रजा ने अपने वतन में अमन चैन और खुशहाली के लिए दुआएं मांगी इस । अवसर पर इंतजामिया कमेटी वक्फ जामा मस्जिद के समस्त पदाधिकारी तथा सदस्य एवं बडी संख्या में मुस्लिम भाई उपस्थित थे।

श्री केसरीनंदन हनुमान मंदिर में 8 मार्च को होली मिलन समारोह

छिंदवाड़ा - रंग पंचमी के शुभ अवसर पर श्री केसरीनंदन हनुमान मंदिर ट्रस्ट के प्रमुख संरक्षक एवं विधिक सलाहकार - गोविंद माहोरे, प्रमुख मार्गदर्शक - नन्द किशोर साहू, प्रमुख सलाहकार - अशोक सतीजा, ट्रस्ट अध्यक्ष चैधरी अशोक सिंह, अध्यक्ष (आंतरिक) ईशान मैंद, उपाध्यक्ष व मंदिर के मुख्य पुजारी सेवादार अनिल मालवी व सभी पदाधिकारी एवं गुलाबी गैंग कमांडर पूर्णिमा वर्मा, जिला संयोजिका दुर्गा वाहिनी श्रद्धा पटेल द्वारा दिनांक 08 मार्च 2026, दिन रविवार दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक होली मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे शहर के सभी भक्तों, धार्मिक बंधुओं, धार्मिक संगठनों व सामाजिक संगठनों से सम्मिलित होने की अपील करता है। होली मिलन समारोह पाश्चात आगामी दिनांक 02 अप्रैल 2026, दिन गुरुवार को हनुमान जन्मोत्सव प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य रूप से मनाने के लिए एक मीटिंग का आयोजन भी किया जा रहा है।

कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ ने अग्निवीर भर्ती के लिए युवाओं से पंजीयन की अपील की

पांढुर्णा। मध्यप्रदेश शासन के गृह विभाग द्वारा जारी निर्देशों के पालन में कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ ने जिले के युवाओं के लिए महत्वपूर्ण सूचना जारी की है। कलेक्टर श्री वशिष्ठ ने बताया कि भारतीय सेना में 'अग्निवीर' के रूप में देश सेवा करने का सुनहरा अवसर युवाओं को प्राप्त हो रहा है, जिसके लिए पंजीयन प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। भोपाल स्थित गृह विभाग के अनुसार अग्निवीर भर्ती के लिए ऑनलाइन पंजीयन प्रक्रिया 13 फरवरी 2026 से शुरू हो चुकी है, जो 01 अप्रैल 2026 तक जारी रहेगी। कलेक्टर श्री वशिष्ठ ने जिले के पात्र युवाओं से अपील की है कि वे इस अवसर का अधिक से अधिक लाभ उठाते हुए निर्धारित समय-सीमा के भीतर अपना पंजीयन सुनिश्चित करें। सेना भर्ती कार्यालयभोपाल द्वारा जारी रैली एवं आवेदन विवरण के अनुसार पांढुर्णा जिले से अग्निवीर भर्ती के लिए अब तक कुल 96 उम्मीदवारों ने आवेदन किया है। प्राप्त आंकड़ों के अनुसार अग्निवीर सामान्य ड्यूटी श्रेणी में सबसे अधिक 73 आवेदन प्राप्त हुए हैं। अग्निवीर तकनीकी श्रेणी में 4 उम्मीदवारों ने पंजीकरण कराया है, जबकि अग्निवीर क्लर्क पद के लिए 3 आवेदन दर्ज किए गए हैं।

भाजपा का संगठन समर्पण निधि अभियान के तहत सदस्यों को जोड़ा जा रहा

नवभारत न्यूज़

सौंसर 6 मार्च .प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के निर्देशानुसार पांढुर्णा जिला भाजपा द्वारा जिले भर में संगठन समर्पण निधि अभियान चलाया जा रहा हैं। जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहोड के नेतृत्व में यह अभियान तेजी से आगे बढ रहा है। वे और उनकी टीम जिले के विभिन्न में जाकर पार्टी से जुडे वरिष्ठ एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं से संपर्क कर रहे है और उन्हें संगठन समर्पण निधि अभियान में सहभागी बनने के लिये प्रेरित कर रहे है। साथही संगठन के प्रति निष्ठा रखनेवाले कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौपते हुये पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुचाने का संकल्प भी लिया जा रहा है। जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहोड ने बताया कि, संगठन समर्पण निधि अभियान का उददेश्य ऐसे कार्यकर्ताओं और समर्थकों को संगठन से और अधिक मजबूती से जोडना हैं। इस अभियान के चलते जिले के कार्यकर्ताओं में उत्साह और सक्रियता का वातावरण देखने को मिल रहा है। प्रदेश नेतृत्व के मार्गदर्शन में यह अभियान पूरे जिले में व्यापक रूप से चलाया जा रहा है।

संत तुकाराम महाराज बीजोत्सव में बानाबाकोडा में भक्ति का उमड़ा सागर

नवभारत न्यूज

पिपला नारा.वार 6 मार्च- समीपस्थ ग्राम बानाबाकोडा में संत शिरोमणि श्री संत तुकाराम महाराज के वैकुंठ गमन दिवस(बीजोत्सव) के पावन अवसर पर विगत 64 वर्षो से निरंतर आयोजित हो रहे पावन सप्ताह के समापन पर भक्ति और श्रद्धा का अनुपम संगम देखने को मिला। दहिलाही कीर्तन में संत पदमाकर महाराज देशमुख ने कहा कि, जिस प्रकार भगवान श्रीकृष्ण ने बाल्यकाल में प्रेमपूर्वक, चुरा-चुरा कर माखन खाया, उसीप्रकार प्रत्येक भक्त को अपने जीवन में नामस्मरण, भक्ति और प्रेम रूपी माखन को संजोकर रखना चाहिये। भगवान का अवतार प्रेम, श्रद्धा और भक्ति की भूमि में ही होता है। परमात्मा के साक्षात्कार के लिये मनुष्य का हृदय निर्मल, पवित्र और प्रेम से परिपूर्ण होना आवष्यक है। महाराज ने कहा कि, संतो के पावन दिवस अमृत के समान होते है, जो मानव जीवन को पवित्र बनाकर उसे परमात्मा के मार्ग पर अग्रसर करते है। उपस्थित श्रद्धालूजन भावविभोर होकर हरिनाम का गुणगान करते रहे। अवसर पर विधायक विजय रेवनाथ चौरे सहित बडी संख्या में पांढुर्णा जिले के श्रद्धालू तथा बानाबाकोडा के भक्तगण उपस्थित रहे। कीर्तन के पष्चात परंपरानुसार श्रद्धालूओं को दहीलाही का प्रसार वितरित किया गया। इसके पश्चात महाप्रसाद का वितरण हुआ।

भव्य निर्माण,कार्यक्रम,धम्म प्रचार को लेकर हुई बैठक

नवभारत न्यूज़

सौसर 6 मार्च . जाखीवाड़ा के समीप सौसर-पांढुर्णा मुख्य मार्ग पर स्थित तपोभूमि में जल्द ही भगवान तथागत गौतम बुद्ध की एक विशाल और भव्य प्रतिमा स्थापित होने जा रही है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना, परिसर के सौंदर्यीकरण,धम्म प्रचार प्रसार को लेकर %तथागत धम्म प्रकल्प समिति% की एक महत्वपूर्ण बैठक तपोभूमि परिसर में संपन्न हुई। उल्लेखनीय है कि एड. वासुदेवराव बागड़े के परिवार द्वारा दान की गई एक एकड़ भूमि पर इस विशाल प्रतिमा की स्थापना की जा रही है। समिति अध्यक्ष सहादेवरावजी गोडबोले ने बताया कि यहाँ अष्टधातु से निर्मित तथागत बुद्ध की प्रतिमा स्थापित की जाएगी, जिसका निर्माण कार्य वर्तमान में निरंतर जारी हैं।बैठक के दौरान आगामी समय मे अनावरण कार्यक्रम, महापुरुषों की जयंतियाँ मनाने और नए सदस्यों को जोड़ने,गावो में बैठके कर आम जनमानस को इस अभियान से जोड़ने पर निर्णय लिया गया।बैठक में समता सैनिक दल के जिला जीओसी बाबारावजी चारे, भारतीय बौद्ध महासभा के प्रदेश पदाधिकारी चंद्रभान बागड़े, समिति सचिव डॉ. अशोक भगत, डॉ. राहुल वाहने, एड. सरोज दुफारे, अरुण बागड़े, लक्ष्मीदास बोरकर, राहुल बागड़े, सिद्धार्थ सोमकुँवर, मुकेश बागड़े, ज्योति देशभरतार आदि उपस्थित थे।

राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह के तहत गुलशन पालीओलस में कर्मचारियों को दी सुरक्षा की जानकारी

नवभारत न्यूज़

सौंसर 6 मार्च. औधोगिक क्षेत्र में राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह के तहत गुलशन पालीओल्स के कर्मचारियों को कार्य के दौरान सुरक्षा की जानकारी दीं गई।इस मौके पर महाप्रबंधक सीएस तिवारी , प्रवीण श्रीवास्तव, प्रदीप जैन, पीयूष त्रिवेदी,सोमित चोहान, हिम्मत सिंह, आशीष तिवारी, श्री अंकित, दुर्गेश बोली कर, संजय धुर्वे, किशोर पाठक , दिनेश भदौरिया एवं उपस्थित सभी विभागीय प्रमुख , अधिकारीगण की, उपस्थिति में सुरक्षा प्रमुख भीमराव घाटोडे ने कार्मिक विभाग के मार्गदर्शन में,संस्थान द्वारा राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह का सफलआयोजन किया गया है। महाप्रबंधक तिवारी ने सुरक्षा संबंधी जानकारी दी एवं कार्मिक प्रबंधक प्रवीण श्रीवास्तव ने सुरक्षा के महत्व एवं उसकी आवश्यकता के संबंध में जानकारी दी एवं सुरक्षा कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया। भीमराव घाटोडे ने सुरक्षा उपकरण एवं उसके प्रयोग करने की जानकारी दी।

भक्तिभाव के साथ मनाया संत श्री तुकाराम महाराज का बिजो उत्सव

नवभारत न्यूज,

पांढुरना,6 मार्च,नगर के प्रसिद्ध सामाजिक धार्मिक संस्था शिवालय उत्सव समिति एवं कुनबी समाज संगठन के संयुक्त तत्वावधान में नगर के शंकर नगर स्थित शिव मंदिर में संत श्री तुकाराम महाराज का बिजो उत्सव बड़े ही धुमधाम तथा भक्ति भाव के साथ मनाया गया,इस अवसर पर बडी संख्या में समाज के अनुयायी प्रमुख रूप से उपस्थित थे ।

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी प्रसिध्द संत श्री तुकाराम महाराज का बिजो उत्सव नगर के प्रसिद्ध सामाजिक,धार्मिक संस्था शिवालय उत्सव समिती तथा संत तुकाराम कुनबी समाज संगठन के संयुक्त तत्वावधान में नगर के शंकर नगर मंदिर में स्थित प्रसिद्ध शिव मंदिर में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए,सर्वप्रथम अनुयायियों द्वारा पूरे विधि विधान के साथ अल सुबह श्री जी के प्रतिमा का स्नान ,जप पूजन,अभिषेक किया गया । वहीं शाम को महाआरती के तत पश्चात श्री का अति प्रिय भोजन ज्वार की कन्या का प्रसाद वितरित किया गया ।इन सभी कार्यक्रमों में बडी संख्या में समाज के अनुयायी प्रमुख रूप से उपस्थित थे ।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में जनजागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ

नव भारत न्यूज,

पांढुरना, 6 मार्च, अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में पांढुर्णा में विभिन्न जनजागरूकता गतिविधियों के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर महिलाओं के अधिकार, सशक्तिकरण एवं कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के उद्देश्य से जनजागरूकता रथ के माध्यम से व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया।

कार्यक्रम के अंतर्गत पांढुर्णा के शुक्रवार बाजार क्षेत्र में जन जागरूकता रथ के माध्यम से लोगों को विभिन्न योजनाओं और महिला सशक्तिकरण से जुड़े विषयों पर जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान उपस्थित महिलाओं एवं नागरिकों को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के महत्व के बारे में बताया गया तथा बालिकाओं की शिक्षा और सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया गया।

इसके साथ ही महिलाओं को राज्य शासन की महत्वपूर्ण योजना लाडली बहना योजना के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। महिलाओं को योजना के उद्देश्य, पात्रता तथा इससे मिलने वाले लाभों के बारे में अवगत कराया गया, ताकि अधिक से अधिक महिलाएं इस योजना का लाभ प्राप्त कर सकें। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां भी प्रदान की गईं। स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने, समय-समय पर जांच कराने तथा पोषण संबंधी सावधानियों के बारे में जागरूक किया गया। इसके अतिरिक्त महिलाओं को बैंक खातों के संचालन के संबंध में भी जानकारी दी गई तथा उन्हें वित्तीय रूप से सशक्त बनने के लिए प्रेरित किया गया।

जनजागरूकता रथ के माध्यम से चलाए गए इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों, स्वास्थ्य, शिक्षा और आर्थिक सशक्तिकरण के प्रति जागरूक करना है, ताकि समाज में महिलाओं की भागीदारी और सशक्तिकरण को और अधिक मजबूत किया जा सके।